कार्यालय आयुक्त, देवस्थान विभाग, राजस्थान– उदयपुर

क्रमांकः– एफ 1(5)लेखा/स्टोर/देव/2019/21690 दिनांक – 14/11/19

श्रीमान् शासन सचिव,
देवस्थान विभाग,
राजस्थान–जयपुर

विषय :–पशुपति नाथ (काठमांडू) नेपाल की यात्रा के संबंध में।

महोदय,

उक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2019 के तहत हवाई यात्रा हेतु पशुपतिनाथ (काठमांडू) नेपाल हेतु 3 हजार से अधिक यात्री लॉटरी द्वारा चयनित है।

इस यात्रा हेतु निविदा जैनिथ लॉइश्योर प्रा.लि., नई दिल्ली हेतु प्रतियात्री रू. 23960/– पर स्वीकृत हुई है, जिसका अनुबंध इत्यादि की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

इस यात्रा हेतु प्रथम दल भरतपुर संभाग के यात्रियों को भेजना प्रस्तावित है।

चयनित सूची में भरतपुर जिले के 88, धौलपुर के 27, सवाई माधोपुर के 97, करौली के 38 व अलवर के 2 यात्री है।

इन यात्रियों में से जो यात्री अपनी सहमति दे रहे है उन्हें नई दिल्ली से काठमांडू 26 नवम्बर व 27 नवम्बर 2019 को भेजना प्रस्तावित है।

काठमांडू जाने वाले भरतपुर एवं धौलपुर जिले के यात्रियों को डीग (जिला–भरतपुर) से नई दिल्ली एयरपोर्ट 25–11–19 को AC. डिलक्स बस द्वारा भेजना प्रस्तावित है क्योंकि डीग भरतपुर से नई दिल्ली एयरपोर्ट की दूरी 140 कि.मी. है।

जबकी जयपुर की दूरी 200 कि.मी. है तथा उन्हें जयपुर से फिर दिल्ली लेजाना पड़ता है।

डीग (भरतपुर) में दि. 25.11.19 को प्रातः 10.00 बजे बसों को माननीय मंत्री महोदय देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करना प्रस्तावित है ।

25 नवंबर, 2019 को जाने वाले यात्री 25 की सायं को दिल्ली पहुँच कर रात्रि विश्राम करेंगे तथा 26 नवंबर, 2019 को प्रातः ROYAL NEPAL की Flight No. RA206 एवं INDIGO की Flight No. 6E 31 द्वारा दोपहर 2 बजे के लगभग काठमाण्डू पहुँचेंगे।

26 नवम्बर को काठमांडू में स्थानीय दर्शन स्थलों को भ्रमण वैंडर द्वारा करवाया जायेगा। तथा 27 नवम्बर प्रातः काल पशुपतिनाथ के दर्शन करवाकर वापसी में दोपहर लगभग 2.00 बजे ROYAL NEPAL की Flight No. RA 217 एवं INDIGO की Flight 6E 32 के द्वारा काठमांडू से दिल्ली पहुंचेगें तत्पश्चात AC बसों द्वारा वेंडर द्वारा एयरपोर्ट से इन्हे भरतपुर छोड़ा जाएगा।

इसी तरह 26 नवम्बर 2019 को सवाई माधोपुर एवं करोली के यात्रियों को दोपहर 2.00 बजे भरतपुर से नई दिल्ली रवाना करना प्रस्तावित है वहाँ से 27 नवम्बर को उपरोक्तानुसार वर्णित ROYAL NEPAL & INDIGO की Flight से काठमांडू जाऐगें एवं 28 नवम्बर 2019 को नई दिल्ली एयरपोर्ट उतरेगें जहाँ से वेंडर द्वारा उन्हे भरतपुर छोड़ा जायेगा।

योजना के प्रावधानानुसार उक्त यात्रा हेतु प्रत्येक Flight में 2–2 अनुदेशक भेजा जाना प्रस्तावित है।

जिसमें देवस्थान विभाग के कार्मिकों को भेजा जा सकता है एवं संभागीय आयुक्त कार्यालय एवं जिला कलेक्टर माध्यम से भी इस बाबत प्रस्ताव लिऐ जा रहे है।

उक्त यात्रा चूँकि विदेश जा रही है जिसमें यद्यपि पासपोर्ट/वीजा की आवश्यकता नहीं है किन्तु सचिव, विदेश मंत्रालय भारत सरकार एवं हाई कमिश्नर, भारत सरकार को काठामांडू को भी सूचित किया जाना उचित रहेगा।

भवदीय,

14/11/19

(ओ.पी जैन)
आयुक्त,
देवस्थान विभाग,
राजस्थान उदयपुर

क्रमांकः– एफ 1(2)वरि.नाग.ती.या.यो./देव/2019/21691–94 दिनांक –: 14/11/19

प्रतिलिपि :–

1.संभागीय आयुक्त, भरतपुर।

2. जिला कलक्टर, भतरतपुर।

3. निजी सचिव माननीय मंत्री महोदय देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।

4. सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर को जिला प्रशासन भरतपुर के संपर्क में रहकर आवश्यक तैयारियाँ करने का बाबत्।

14/11/19

आयुक्त,
देवस्थान विभाग,
राजस्थान उदयपुर